याचिका निरस्त

सतना की 11 .57 एकड़ जमीन का मामला

पूर्व मुख्यमंत्री के वारिसों को हाईकोर्ट से झटका

नवभारत, जबलपुर। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक जैन की एकलपीठ ने प्रदेष के पूर्व मुख्यमंत्री रहे गोविन्द नारायण सिंह द्वारा अपने ही बेटे शिव बहादुर सिंह को बेची गई सतना की 11.57 एकड़ जमीन के स्वामित्व को संदेहास्पद माना है। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि गोविन्द नारायण सिंह ने अपंजीकृत और अपर्याप्त स्टाम्प पर बनी सेल डीड के आधार पर विवादित जमीन बेची थी। ऐसे दस्तावेजों के आधार पर न तो जमीन का स्वामित्व मिलता है और न ही अस्थाई निषेधाज्ञा। हाई कोर्ट ने अधीनस्थ अपीलीय अदालत के उस आदेश को उचित निरूपित किया, जिसमें ट्रायल कोर्ट द्वारा दी गई अस्थायी रोक को निरस्त कर दिया गया था। इसके साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री के वारिसों की ओर से दायर याचिका निरस्त कर दी। याचिकाकर्ता अंबिकापुर, छत्तीसगढत्र निवासी नर्मदेश्वर प्रताप सिंह, रामेश्वर प्रताप सिंह और सतना निवासी माधवी सिंह की ओर से पक्ष रखा गया। दलील दी गई कि उनके पिता शिव बहादुर सिंह ने वर्ष 1992 में अपने पिता गोविन्द नारायण सिंह से अपंजीकृत सेल डीड के जरिए 11.57 एकड़ भूमि खरीदी थी। वह भूमि वर्षों से उनके कब्जे में है। इसी आधार पर स्थायी निषेधाज्ञा चाही गई। अधीनस्थ अदालत ने पांच फरवरी, 2025 को उनके पक्ष में अस्थायी निषेधाज्ञा दे दी थी। विवादित जमीन के असली मालिक सेठ मनोहर लाल थे। मनोहर लाल की कथित पावर आफ अटार्नी के आधार पर पूर्व मुख्यमंत्री गोविन्द नारायण सिंह ने 11.57 एकड़ जमीन अपने बेटे शिव बहादुर सिंह को आठ दिसंबर, 1992 को बेची थी। वर्ष 1998 में जमीन का नामांतरण भी हुआ। ट्रायल कोर्ट द्वारा पांच फरवरी, 2025 को पूर्व मुख्यमंत्री के वारिसों को दी गई अस्थाई निषेधाज्ञा के विरुद्ध सेठ मनोहर लाल के वारिसों ने जिला अदालत में अपील दायर की। जिला अदालत ने 13 अक्टूबर, 2025 को ट्रायल कोर्ट का आदेश निरस्त करके अस्थाई निषेधज्ञा हटा दी थी। इस पर यह मामले पूर्व मुख्यमंत्री गोविन्द नारायण सिंह के वारिसों ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी।

सुअरमार बम से हमला करने पर 10 वर्ष का कारावास

जबलपुर। अपर सत्र न्यायाधीश प्रीतिशिखा अग्निहोत्री की अदालत ने सुअरमार बम से हमला करने के आरोपित खाई मोहल्ला, हनुमानताल निवासी अभिलाष मराठा का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ 10 वर्ष के कारावास की सजा सुना दी। साथ ही छह हजार रुपये का जुर्माना लगाया। इस मामले में कुल 10 आरोपित बनाए गए थे, जिनमें से तीन नितिन वानखेड़े, जैकी मराठा और शेखर मराठा फरार है। कोर्ट ने पंकज राव, धीरज और अनिल मराठा को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक अरविंद जैन ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि 21 अक्टूबर, 2017 को दोपहर तीन बजे सब्जी का ठेला लगाने वाले कोमल सोनकर के ऊपर सुअरमार बम और पिस्टल से हमला किया गया है। हमलावरों की कोशिश जान से मारने की थी। कोमल घिसटकर कमरे के भीतर भाग गया, इस वजह से जान बच गई।

6वीं वाहिनी में गार्डन ऑफ रेजिलिएंस का लोकार्पण

▶ 18,000 वर्ग फीट क्षेत्र में देश-विदेश से संकलित कैक्टस पौधों की 80 से अधिक प्रजातियां लगाई

नवभारत, जबलपुर। 6वीं वाहिनी, मध्यप्रदेश विशेष सशस्त्र बल, जबलपुर परिसर में गार्डन ऑफ रेजिलिएंस (संवेदनशीलता का उद्यान) का भव्य लोकार्पण प्रमोद कुमार वर्मा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक द्वारा किया गया। इस अवसर पर अतुल सिंह, उप पुलिस महानिरीक्षक, रेंज जबलपुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह उद्यान देश एवं विदेश से संकलित कैक्टस पौधों की 80 से अधिक प्रजातियों से निर्मित किया गया है, जो अपने आप में अद्वितीय है। यह प्रदेश का प्रथम ऐसा कैक्टस उद्यान है, जिसका निर्माण किसी पुलिस इकाई द्वारा किया गया है। इस नवाचारपूर्ण उद्यान की परिकल्पना एवं निर्माण 6वीं वाहिनी के सेनानी सिद्धार्थ चौधरी भापुसे की दूरदृष्टि एवं जवानों को प्रेरित करने के उद्देश्य से किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस उद्यान का निर्माण बिना किसी शासकीय निधि एवं बाहरी संस्था की सहायता के, केवल वाहिनी के जवानों व पुलिस प्रशिक्षण शाला के प्रशिक्षणार्थियों के शारीरिक श्रम से किया गया है। लगभग 18,000 वर्ग फीट क्षेत्र में विकसित यह उद्यान अनुशासन, टीमवर्क एवं आत्मनिर्भरता का प्रतीक है, जो जवानों की सहनशीलता, अनुकूलन क्षमता तथा संघर्ष में भी जीवन जीने की भावना को दर्शाता है। सौंदर्य के साथ-साथ यह उद्यान अधिकारियों एवं जवानों के लिए चिंतन, मानसिक ऊर्जा एवं पर्यावरण जागरूकता का केंद्र भी है।

लोकार्पण कार्यक्रम में उप सेनानी लामूसिंह श्याम, सहायक सेनानी विजय अंभोरे, श्रीमती मेहंती मरावी, श्रीमती रीना पांडेय शर्मा, निरीक्षक हितेश फुलझेले सहित विक्रम सिंह, विजय मेहरा, सुशील बागरी, स्वरूप सिंह उईके, रवि डेविड, उमेश बघेल, सूबेदार मेजर बिलार सिंह जामरा, उप निरीक्षक शोभित वर्मा एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कृषि विवि खाद्य फसलों के उद्गम पर व्याख्यान

नवभारत, जबलपुर। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में कृषि संकाय के सहयोग से अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग द्वारा खाद्य फसलों के उद्गम और महान वैज्ञानिक डॉ. एन. आई. वेवीलाव की जीवन यात्रा पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कुलपति डॉ. पी. के. मिश्रा की प्रेरणा और अधिष्ठाता डॉ. धीरेन्द्र खरे के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में पीएच.डी. स्कॉलर देवकमल मण्डल ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से फसलों की विविधता और जीन बैंक स्थापना जैसे डॉ. वेवीलाव के योगदान को दर्शाया। अधिष्ठाता डॉ. धीरेन्द्र खरे ने छात्रों से अन्य प्रमुख वैज्ञानिकों के अध्ययन और इस विषय पर चर्चा करने की सलाह दी। विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में डॉ. योगेन्द्र सिंह, डॉ. संजय सिंह, डॉ. पवन कुमार अमृते, डॉ. कंचन भान, डॉ. प्रतीक कुमार, डॉ. अमित कुमार एवं सभी छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

सांदीपनि विद्यालय सिंगौद में 5 दिवसीय कैरियर मेला आयोजित

नवभारत, पनागर। शासकीय सांदीपनि शास.उ.मा. विद्यालय सिंगौद में विद्यालय की नोडल शिक्षिका श्रीमती अणिमा लखेरा के निर्देशन में कैरियर जागरूकता पर व्याख्यान के साथ 05 दिवसीय कार्यक्रम का आरंभ हुआ। व्यवसायिक विषयों के रोजगारों के संबंध में छात्रों को व्यवसायिक प्रशिक्षक नेहा साहू एवं मानसी खांडेकर द्वारा जानकारी दी गई। सहायक संचालक सुश्री सोनम कटारे, वीरेन्द्र पटेल, चिकित्सक एवं दानिश अली खेल प्रशिक्षक द्वारा छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों के कैरियर से अवगत कराया। छात्रों को यू-ट्यूब के माध्यम से स्मार्ट टी.व्ही. पर राज्य स्तर से कैरियर संबंधी जानकारी ऑनलाइन दी गई। विभिन्न महाविद्यालयों ने शाला परिसर मे स्टॉल लगाकर छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्ति के संबंध में मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य रत्नेश शर्मा, उपप्राचार्य अशोक मिश्रा,कीर्ति तिवारी कैरियर काउन्सलर एवं समस्त शिक्षकों का अच्छा सहयोग प्राप्त हुआ।

बेलखाडू ब्लॉक कांग्रेस के मण्डलमों में मनाई गांधीजी की पुण्यतिथि

नवभारत,बेलखाडू । जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के निर्देश पर बेलखाडू ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मण्डलमों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। जिला कांग्रेस ने मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत शांतिपूर्ण धरने का आयोजन कर अहिंसा के साथ काम के अधिकार की रक्षा का संकल्प लेने के निर्देश भी ब्लॉक कांग्रेस को दिये थे इसी क्रम में बेलखाडू ब्लॉक में आयोजन किए गए। मंडलम पुरैना, बरोदा, बघोंडा में पुण्यतिथि पर बैठक हुई, यहां महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन करते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का आव्हान किया एवं सिंगोद मंडलम के बिलगवा गांव में धरना दिया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजीत सिंह परिहार, अमन गोस्वामी, मंडलम अध्यक्ष संजय सोनी पुरैना, राकेश नामदेव, मनीष पटेल, धर्मेंद्र पटेल बरौदा, जितेंद्र पटेल सींगोंद, जोगेंद्र पटेल, रोहित पटेल बघोंडा, सोनू पटेल सहित अनेकों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नवांकुर संस्था ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

नवभारत, मझौली। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, जिला जबलपुर के तत्वावधान में एक गरिमामय श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला समन्वयक घनश्याम रायपुरिया एवं ब्लॉक समन्वयक नूपुर खरे के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था 'सीता शरण महाराज समाज कल्याण समिति, पोला 'द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आंगनवाड़ी कार्यालय में किया गया, जहाँ महात्मा गांधी जी के चित्र पर तिलक लगाकर एवं पुष्पहार अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने गांधी जी के विचारों, सिद्धांतों तथा उनके द्वारा बताए गए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती मीना पटेल, आंगनवाड़ी सहायिका श्रीमती माया खरे, सुश्री प्रिया राजपूत, विद्यालय प्रभारी साहू सर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

श्रीराम महायज्ञ स्थल पर उमड़ रही भीड़

नवभारत,बेलखाडू । कटंगी रोड बेलखाडू पर रामबाग स्थल में बने भव्य श्रीराम जानकी, हनुमान मंदिर प्रांगण में जारी श्रीराम महायज्ञ भीड़ उमड़ने लगी है। यज्ञ शाला में प्रात: काल से शाम तक परिक्रमा का दौर जारी है। 23 जनवरी से प्रारंभ हुए ग्यारह दिवसीय इस धार्मिक आयोजन का आज आठवां दिन रहा। यज्ञ स्थल पर लगी विभिन्न प्रकार की मनहारी दुकानें एवं झूलों का आनंद भी यज्ञ स्थल पहुंचने वाले लोग ले रहे हैं। श्रीराम महायज्ञ संचालक रामकुमार नगाइच ने बताया कि यज्ञ शाला में पं रामकृष्ण शास्त्री, संतोष प्यासी मनोज उपाध्याय ,श्रीराम विदोलिया ,राजकिशोर कुढ़ेरिया सहित अन्य विद्वान पंडित वेद पाठ, पूजन अर्चन कार्य संपन्न करा रहे हैं। आस पास के बीस ग्रामों के लोग यहां पूजन अर्चन और मेले का आनंद लेने बड़ी संख्या में अवागमन कर रहे हैं।

अखिल भारतीय राधा-छवि कथक नृत्य महोत्सव आज

नवभारत,जबलपुर। नवरंग कथक कला केंद्र के वार्षिकोत्सव के अवसर पर अखिल भारतीय राधा-छवि कथक नृत्य महोत्सव का आयोजन स्व.राधारानी शिवहरे एवं नृत्य गुरु स्व. छवि नायक ग्वालियर की स्मृति में आज 31 जनवरी को शाम 6 बजे से शहीद स्मारक सभागार में किया जाएगा। नवरंग कथक कला केंद्र के संस्थापक, नृत्यगुरु मोती शिवहरे, अध्यक्ष अशोक मनोध्याय, कार्यकारी अध्यक्ष प्रतुल श्रीवास्तव, सचिव विजय जायसवाल, सह सचिव राजीव गुप्ता एवं संयोजक राजेश पाठक प्रवीण ने कला प्रेमियों से उपस्थित का आग्रह किया है ।समारोह में प्रवेश नि:शुल्क है।

रंगीन मछली जलशाला निर्माण एवं प्रबंधन पर प्रशिक्षण

नवभारत,जबलपुर। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मंदीप शर्मा के मार्गदर्शन में तथा विश्वविद्यालय विस्तार शिक्षण संचालक डॉ. सुनील नायक और मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. शशिकांत महाजन के नेतृत्व में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित अनुसूचित जाति उपयोजना के अंतर्गत ग्राम सिलुआ, जबलपुर में रंगीन मछली जलशाला निर्माण एवं प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय की विस्तार सेवाओं के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में 40 अनुसूचित जाति के मत्स्य कृषकों एवं महिलाओं को जलशाला निर्माण एवं प्रबंधन की सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान डॉ. सोना दुबे ने महिलाओं एवं युवाओं को स्वरोजगार अपनाने हेतु प्रेरित किया, जिससे वे आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बन सकें। प्रशिक्षणार्थियों को जलशाला प्रबंधन हेतु वॉटर टेस्टिंग किट भी वितरित की गई। इस अवसर पर ग्राम सरपंच करण पंड्या, धनंजय शर्मा, टीचिंग एसोसिएट प्रतीक कुमार तिवारी, शुभम पाटीदार, स्कॉलर काजल प्रजापति, रुद्राक्ष उपाध्याय तथा कर्मचारी रामकलेश यादव एवं शैलेंद्र दहिया का योगदान रहा।

कृषि संगोष्ठी, प्रशिक्षण एवं कृषक सम्मान समारोह आज

नवभारत, जबलपुर। किसान सेवा संगठन की युवा विंग- किसान सेवा सेना के सप्तम स्थापना दिवस के अवसर पर कृषि संगोष्ठी, प्रशिक्षण एवं कृषक सम्मान समारोह का आयोजन आज दोप.12.30 बजे, कला वीथिका सभागार, भंवरताल में किया जा रहा है। भारत कृषक समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंजी. के के अग्रवाल के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जबलपुर जिले के कलेक्टर राघवेंद्र सिंह होंगे तथा अध्यक्षता रानी दुर्गावती विश्व विद्यालय के पूर्व कुलपति, केंद्रीय प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष डॉ एस पी गौतम करेंगे। किसान सेवा संगठन के रामकिशन पटेल, जितेंद्र देसी ने बताया की एक दिवसीय इस कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक एवं वरिष्ठ अधिकारी गण भी भाग लेंगे।

बोलेरो से ढुल रही शराब पकड़ाई

नवभारत, जबलपुर। कटंगी पुलिस ने हरदुआ मार्ग पर दबिश देकर बोलेरो ढुल रही शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान 350 पाव देशी शराब एवं शराब परिवहन में प्रयुक्त बोलेरो जप्त की गई है।

टीआई श्रीमति पूजा उपाध्याय ने बताया कि खजरी से हरदुआ मार्ग पर आ रही बोलेरो क्रमांक एमपी 20 बीए 0665 को घेराबंदी कर रोका गया। चालक मयंक राजपूत उर्फ बंटी राजपूत 22 वर्ष एवं उसके साथी संस्कार तिवारी 18 वर्ष दोनों निवासी बजरिया मोहल्ला कटंगी को हिरासत में लिया गया । तलाशी लेने पर बोलेरो की पीछे डिक्की में 7 कार्टून (पेटी) रखी मिली जिनमे प्रत्येक कार्टून में 50-50 पाव देशी शराब रखी मिली। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है ।

दिव्यांग बच्चों ने वार्षिकोत्सव में दिखाई अद्भुत प्रतिभा

▶सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में बच्चों ने मनोहारी प्रदर्शन कर जीता सबका दिल

नवभारत,जबलपुर। प्रगत् शैक्षिक संस्थान (पीएसएम कॉलेज) में शासकीय विद्यालयों के दिव्यांग बच्चों का जिला स्तरीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती पूजन, वंदना और दीप प्रज्वलन से किया गया। इस अवसर पर उपसंचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग पीपी सिंह, प्रगत् शैक्षिक संस्थान के प्राचार्य एफ. इक्का, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य अजय दुबे, एवं जिला नोडल अधिकारी समावेशी शिक्षा डॉ. रामनरेश पटेल उपस्थित थे। बच्चों ने देशभक्ति, सांस्कृतिक नृत्य, गीत, हास्य नाटक और चित्रकला में रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्हें देखकर सभी अतिथियों ने उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों में कोई कमी नहीं है और समाज में उनका योगदान महत्वपूर्ण है।

अंतर में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जबकि सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार और स्वल्पाहार वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन बीएसी अजय रजक ने किया। कार्यक्रम में डीपीसी योगेश शर्मा, व्यावसायिक समन्वयक मनोज कासिव, एपीसी तरुण राज दुबे, केशव दुबे, डीसी अहिरवार, बीएसी अजय रजक सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, छात्र और अभिभावक उपस्थित रहे।

मझगवां में विराट हिंदू सम्मेलन हर्षोल्लास के साथ आयोजित

नवभारत, सिहोरा। ग्राम मझगवाँ में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। यह सम्मेलन महाराज श्री ब्रह्मानंद दास जी महाराज, पूर्व प्राचार्य श्याम सुंदर अग्रवाल विश्वविद्यालय श्री मति अरुणा पांडे, महंत श्री जगदीश दास जी महाराज एवं जिला प्रचारक अतीश मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति एवं अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन को संबोधित करते हुए महाराज ब्रह्मानंद दास महाराज ने समस्त हिंदू समाज से एकजुट रहने एवं अपने धर्म के प्रति आस्था बनाए रखने का संदेश दिया। वहीं जिला प्रचारक अतीश मिश्रा जी ने उपस्थित जनसमूह को धर्म रक्षा का संकल्प दिलाया तथा सामाजिक एकता को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान पूरे गांव में खुशी और उल्लास का माहौल देखने को मिला। ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर डेफोडिल स्कूल एवं सरस्वती स्कूल के बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए गए तथा नशे के दुष्परिणामों पर आधारित प्रस्तुति के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

आबकारी विभाग की कार्यवाही , 5 प्रकरण दर्ज

नवभारत, सिहोरा। विकास दिवस मदिरा के अवैध निर्माण, विक्रय,संग्रहण एवं परिवहन पर अंकुश लगाये जाने हेतु विशेष अभियान के अंतर्गत एवं जबलपुर कलेक्टर श्री राघवेन्द्र सिंह के निर्देशन में सहायक आबकारी आयुक्त जबलपुर संजीव कुमार दुबे के मार्गदर्शन में वृत्त सिहोरा थाना सिहोरा के अंतर्गत ग्राम धनगंवा में पुरानी पशु चिकित्सालय के भवन में दबिश दी गई जहां पर ताला बंद होने पर पशुचिकित्सा विभाग के कर्मचारियों को बुलाकर तलाशी लेने पर कुल 25 लीटर हाथ भट्टी शराब एवं 70 प्लास्टिक डिब्बो में भरे हुए लगभग 1050 महुआ लाहन बरामद कर महुआ लाहन का सेम्पल लेकर मौके पर नष्ट किया गया एवं ग्राम बड़खेरा में आरोपी मूर्त ठाकुर के रिहायशी मकान से 40 पाव मसाला एवं 39 पाव प्लेन मदिरा बरामद की गई। म. प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क,(च)के तहत कुल 05 प्रकरण दर्ज किए गये। कार्यवाही के दौरान वृत प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक आर.एस.मरावी ,आबकारी मुख्य आरक्षक नेकलाल बागरी आरक्षक सुरेंद्र जायसवाल, संत लाल मरावी ,अशोक बघेल, ज्ञानेंद्र तिवारी ,एवं अमिता केसरवानी उपस्थित रहें।

शारदा प्रसाद पटेल का निधन

जबलपुर। जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री शारदा प्रसाद पटेल का 67 वर्ष की आयु में निधन हो गया आप रामकृपाल, राममिलन, शिवकुमार के भाई, डॉ.आर पी पटेल के भतीजे, रामशरण पटेल के पिता जी थे, अंतिम संस्कार पैतृक ग्राम बरौदा शमशान घाट पर किया गया।

कार्यालय सेनानी 6वीं वाहिनी विसबल, जबलपुर
Email : co6bn _saf@mppolice.gov.in
फोन : 0761-2676199 फैक्स : 263399
क्रमांक/6वीं बटा/बिसव/जबल/साअ/A/317/2026 दिनांक : 27/01/2026

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश पुलिस आरक्षक जीडी भर्ती परीक्षा वर्ष 2025-26 के द्वितीय चरण की शारीरिक दक्षता परीक्षण एवं दस्तावेज परीक्षण के दौरान टेंट एवं टेंट सामग्री किराये पर लगवाने हेतु ई-निविदा आमंत्रित है। इच्छुक निविदाकार ई-निविदा ऑनलाईन https://mptenders.gov.in पर भेज सकते है।

जी-25026/25

सेनानी
6 वीं वाहिनी विसबल
जबलपुर

स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
भारत सरकार का उपक्रम
A Government of India Undertaking
धन्वंतरी नगर, गढ़ा, जबलपुर
Mob.- 7728887282
Email: ubin0566934@unionbankofindia.bank.in

नीलामी सूचना

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (बैंक) द्वारा वित्तपोषित तथा संबंधित चूककर्ता उधारकर्ता/गारंटर से जब्त किए गए निम्नलिखित वाहन बिक्री के लिए उपलब्ध हैं. वाहन खरीदने के इच्छुक व्यक्ति वाहनों के भौतिक निरीक्षण तथा विवरण के लिए अधोहस्ताक्षरी से संपर्क कर सकते हैं.

इच्छुक क्रेता अपना प्रस्ताव पत्र, वाहन के लिए बयाना राशि के रूप में Rs. 37,000/- (Rupees Thirty Seven Thousand only) के वापसी योग्य/समायोज्य डिमांड ड्राफ्ट के साथ प्रस्तुत करेंगे, जो यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के पक्ष में होगा तथा ब्याज मुक्त बयाना राशि के रूप में जबलपुर में देय होगा.

इच्छुक क्रेता अपना प्रस्ताव सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत करेंगे, जिस पर "वाहन संख्या MP20-ZA-6545 के क्रय हेतु कोटेशन" लिखा होना चाहिए तथा यह दिनांक 13/02/2026 (तिथि) को 4:00pm (समय) बजे तक अधोहस्ताक्षरी को प्राप्त हो जानी चाहिए. सीलबंद कोटेशन दिनांक 16/02/2026 (तिथि) (की 4:00pm (समय) बजे खोले जाएंगे तथा प्रस्ताव प्रस्तुत करने वाले इच्छुक क्रेता उस समय उपस्थित रह सकते हैं.

सफल बोलीकर्ताओं को कोटेशन खुलने की तिथि से 10 (दस) कार्य दिवसों के भीतर या बैंक द्वारा बढ़ाये गए किसी समय के भीतर उद्धृत मूल्य पूर्णतः जमा करना होगा, ऐसा न करने पर : EMD जब्त कर ली जाएगी और वाहन की बिक्री तत्काल बेच कर दी जाएगी।

वाहनों की बिक्री "जैसा है और जहां है" के आधार पर की जाती है तथा उनकी बिक्री बैंक द्वारा निर्धारित आरक्षित मूल्य से कम में नहीं की जाएगी, अधोहस्ताक्षरी के पास, बिना कोई कारण बताये सभी या किसी भी प्रस्ताव को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है.

Sl. No.	Borrower	Vehicle Details (make, model, year)	Registration No.	Reserve Price
1.	Mukesh Tiwari A/C No. 669306520000125	Maruti Suzuki Wagon R ZXI (Model - 2022)	MP20 ZA 6545	Rs. 3,70,000/-

दिनांक - 31.01.2026
प्राधिकृत अधिकारी यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर, जबलपुर (म.प्र.)
निविदा सूचना (द्वितीय)
N.I.T.No./PWD-16/PRO No.805 Dated : 30/01/2026
निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेंण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1.	T.ID-2026_UAD_477585_1	संभाग क्र. 16 रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड अंतर्गत मंदिर वाले ग्राउंड में विभिन्न स्थानों पर पुलिया निर्माण कार्य। (पार्षद अनुसंशा)	03 माह	2000/-	12/02/2026
	DATE- 06/02/2026		₹.3.56 लाख	3567/-	
2.	T.ID-2026_UAD_477585_2	संभाग क्र. 16 रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड अंतर्गत मंदिर वाले ग्राउंड में नाली निर्माण कार्य। (पार्षद अनुसंशा)	03 माह	2000/-	12/02/2026
	DATE- 06/02/2026		₹.4.66 लाख	4666/-	
3.	T.ID-2026_UAD_477585_3	संभाग क्र. 16 रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड अंतर्गत सुब्बाशाह मैदान मे मोहम्मद नजीर के घर के सामने एवं मदरसे के पीछे सड़क का सीमेंटीकरण तथा मोहम्मद अमजद एडवोकेट के घर के सामने नाली निर्माण कार्य।(पार्षद अनुसंशा)	03 माह	2000/-	12/02/2026
	DATE- 06/02/2026		₹.6.24 लाख	6240/-	
4.	T.ID-2026_UAD_477585_4	संभाग क्र. 16 रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड अंतर्गत हमजा मस्जिद के पीछे नाली निर्माण कार्य।(पार्षद अनुसंशा)	03 माह	2000/-	12/02/2026
	DATE- 06/02/2026		₹.4.35 लाख	4355/-	

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
संभागीय यंत्री (लोककर्म)/ कार्यपालन यंत्री (लोककर्म)
नगर निगम, जबलपुर